समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# ऑपरेशन सिंदूर पर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज का बड़ा बयान, 'जल्द इस्लामाबाद मे खाएंगे बिरयानी'.

Publisher

Published on 09 May 2025



## सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस मार्कंडेय काटजू ने पाकिस्तान पर जमकर कटाक्ष किया है और फेसबुक पोस्ट के जरिए चुटकी ली है. उन्होंने कहा कि जल्द ही हम इस्लामाबाद मे बिरयानी खाएंगे.

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संघर्ष पर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस मार्कंडेय काटजू (Justice Markandey Katju) ने चुटकी ली है. उन्होंने फेसबुक पर दो पोस्ट लिखा है और पाकिस्तान पर जमकर कटाक्ष किया है. उन्होंने कहा कि जल्द ही हम लाहौर में नाश्ते में बेकन और अंडे खाएंगे, इस्लामाबाद में लंच में बिरयानी का मजा लेंगे, पेशावर में चाय के साथ डोनट्स खाएंगे और कराची में डिनर में सी-फूड का स्वाद लेंगे.

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस ने अपने एक और फेसबुक पोस्ट में लिखा, "हम लाहौर का नाम 'लव नगर' रखेंगे (लाहौर वाली को खुश करने के लिए), कराची को 'न्यू काशी', पेशावर को 'पेशवा नगर' और क्वेटा को 'कृष्णा नगर' नाम देंगे." जस्टिस काटजू का बयान ऐसे समय पर आया है जब पाकिस्तान लगातार भारत को युद्ध के लिए उकसा रहा है और ड्रोन से हमले की कोशिश कर रहा है.

भारत ने दिया पाकिस्तान के ड्रोन हमले का जवाब
पाकिस्तान ने बीती रात (08 मई) भारत के 15 सैन्य ठिकानों पर ड्रोन से अटैक करने की कोशिश की, जिसका भारतीय सेना ने बखूबी जवाब दिया. भारत ने 50 से ज्यादा पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया. इसके बाद पाकिस्तानी सेना की तरफ से एलओसी पर भी गोलाबारी की गई, जिसका भरतीय सेना ने डटकर जवाब दिया.

पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ा तनाव
बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी. इसके बाद भारत ने जवाबी

कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया. पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत ने आम लोगों और मासूम बच्चों को निशाना बनाया. इसके बाद पाकिस्तान की तरफ से भारत पर ड्रोन से हमला किया गया है. पाकिस्तानी सेना लगातार एलओसी पर भी सीजफायर का उल्लंघन कर रही है और गोलीबारी कर रही है, जिसका भारतीय सेना मजबूती से जवाब भी दे रही है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.